हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025

13 राम वनवास व दशरथ देह त्याग के दिल छू लेने वाले...



14 नवरात्र व जीएसटी में कमी से ऑटो सेक्टर में...



## नगर परिषद में एफसीसी की बैठक में मिली मंजूरी

# जीपीएस से पैमाइश कर सरकारी जमीन होगी चिन्हित, बिजली तार के लिए 90 लाख व अर्थ मूवर्स वाहन खरीदने की मंजूरी

**डस्टबिन खरीदने के लिए 15 लाख और सैनी सभा से महावीर चौक तक एक साइड सड़क किनारे रंगीन टाइलें लगेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर परिषद की वित्त अनुबंध एवं समिति (एफसीसी) की बैठक वीरवार दोपहर डीएमसी कार्यालय में हुई। इसमें डीएमसी रणवीर सिंह, चेयरपर्सन कमलेश सैनी, उपप्रधान संजीव यादव, वार्ड 31 से पार्षद कपिल यादव, वार्ड 17 से मनोज सैनी व चेयरपर्सन पुत्र हिमांशु सैनी मौजूद रहे। इस बैठक में तय किया गया कि नगर परिषद के अधीन शहर में अनेक जगह सरकारी जमीन है। कहीं कब्जा हो रहा है तो कहीं अतिक्रमण की चपेट में है। इस सरकारी जमीन को चिन्हित करने के लिए जीपीएस पैमाइश के लिए किसी एजेंसी को हायर करने पर सहमति बनी है।

### 15 लाख रुपये में डस्टबिन खरीदे जाएंगे

वहीं स्ट्रीट लाइट के तार खरीदने के लिए 90 लाख खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा नई अर्थ मूवर्स वाहन खरीदने की भी मंजूरी दी गई। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान को आगे बढ़ाने के लिए 15 लाख रुपये में डस्टबिन खरीदे जाएंगे। इसके अलावा सैनी सभा से लेकर महावीर चौक तक एक साइड सड़क व दुकानों के बीच गैप में रंगीन टाइल भी लगाई जाएगी। इस संबंध में नगर परिषद के उपप्रधान संजीव यादव ने बताया कि हर वार्ड में 25-25 लाख की राशि विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। जिस वार्ड में 25 लाख से कम बजट था, उन्हें अन्य विकास कार्य करवाने के लिए पार्षदों को कहा जाएगा ताकि सभी वार्ड में 25-25 लाख के कार्य पूरे हो सके।



नारनौल। नगर परिषद भवन। फोटो : हरिभूमि

### ठेकेदार की पेमेंट अधिकारी वर्ग ने रोकी

बैठक में मुद्दा उठा कि ठेकेदारों की पेमेंट नहीं हो रही। ऐसे में ठेकेदार कैसे आगे काम कर पाएंगे। जब यह सवाल डीएमसी ने पार्षदों से किया तो उपप्रधान ने जवाब दिया कि पार्षदों की ओर से कहीं भी ठेकेदारों की पेमेंट में रूकावट नहीं डाली गई है। नगर परिषद के अधिकारी ही अपने स्तर पर किसी ना किसी बहाने से ठेकेदारों की पेमेंट रोके हुए है। उन्हें उनके काम का पैसा मिलना चाहिए। इस पर डीएमसी ने जल्द ही अधिकारियों की अलग से बैठक लेने का आश्वासन दिया।

### मांदी में कम्यूनिटी सेंटर की नहीं मिली मंजूरी

इस बैठक में अपना पक्ष रखने के बाद हरिभूमि से बातचीत करते हुए वार्ड नंबर 13 से पार्षद प्रतिनिधि अरूण यादव ने बताया कि सीएम अनाउंमेंट में मांदी गांव के अंदर कम्यूनिटी सेंटर की मंजूरी मिली थी। जिसकी लागत करीब एक करोड़ 18 लाख है। अब अधिकारी कह रहे है कि बजट नहीं है। जबकि एफसीसी मेंबर भी कम्यूनिटी सेंटर का बजट पास करने की सहमति जता रहे है। पार्षद प्रतिनिधि ने डीएमसी व चेयरपर्सन पर इस प्रोजेक्ट के लिए मना करने का आरोप लगाया और उन्होंने हैरानी जताई कि सीएम अनाउंसमेंट के लिए ही नगर परिषद प्रशासन के पास पैसा नहीं है।

## खबर संक्षेप

### आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नारनौल।** ढाणी बाठोठा पावर हाउस में शनिवार को मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। इस आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते कई फीडरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली कटौती का समय सुबह आठ बजे से 11 बजे तक रहेगा। जिसके चलते ताजीपुर एग्रीकल्चर, मांदी एग्रीकल्चर, ढाणी बाठोठा घरेलू, टहला घरेलू, सेका एग्रीकल्चर, खानपुर एग्रीकल्चर, जयशंकर गौरी, आईबीएस आदि की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

### राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी समारोह कल

नारनौल। शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती को समर्पित करते हुए प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट अपनी साहित्यिक इकाई के माध्यम से राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी व युवा रचनाकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन करने जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम 28 सितम्बर को दोपहर तीन बजे से ऑनलाइन माध्यम गूगल मीट पर आयोजित होगा। ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई के प्रभारी ओशीन शुक्ला व ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया कि यह आयोजन शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों व देशभक्ति की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर आज

**नारनौल।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण व अंत्योदय विभाग की ओर से आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत 27 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सेंट जॉन रेडक्रॉस भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत जिले में समाज कल्याण व जनसेवा के कई कार्य किए जा रहे हैं।

## नहीं हुई बाजरे की खरीद: सरकार पर लगाए परेशान करने के आरोप

# मंडी में 30 घंटे इंतजार के बाद बाजरा वापस घर लेकर गए किसान

**अनाजमंडी में बारदाना व लेबर का दूसरे दिन भी नहीं हुआ प्रबंध, दाना डिसकलर होने का तर्क देकर खरीद से भाग रही एजेंसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

अनाज मंडी में दूसरे दिन भी बारदाना व लेबर का प्रबंध नहीं हुआ। औपचारिकता बतौर परचेज कमेटी पहुंची थी, लेकिन खरीद करने से इंकार कर दिया। करीब दो घंटे मानमनुहार करने के बाद देर शाम अधिकतर किसान बाजरे को लेकर घर चले गए हैं। उन्होंने सरकार पर बाजरा नहीं खरीदने की मंशा का आरोप लगाया है। किसानों को परेशान करने के लिए समर्थन मूल्यों पर बाजरा परचेज का ढिंढोरा पीटा गया है। उन्होंने बताया कि दो दिन में किराया व अन्य कागजों पर दो-तीन हजार खर्च हो चुके हैं। जिससे आक्रोशित किसानों ने सरकार पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं।

*▶▶ किसानों ने बताया कि दो दिन में किराया व अन्य कागजों पर दो-तीन हजार खर्च हो चुके हैं। जिससे आक्रोशित किसानों ने सरकार पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं।*


नांगल चौधरी। खरीद नहीं होने से परेशान किसान बाजरे को वापस घर लेकर जाने में जुटे।

### मोबाइल पर डिसकलर होने की सूचना मिली

प्रेमप्रकाश नोलाजा, जिलेसिंह, रविंद्र सिंह, अशोक कुमार, बिक्रम सिंह, महेश कुमार आदि किसानों ने बताया कि जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मीडिया के माध्यम से बाजरे की खरीद आरंभ होने की सूचना दी गई थी। जिससे उत्साहित किसान वीरवार को बाजरा लेकर मंडी में पहुंचे तथा टोकन रिलीज करवाकर ढेरी लगा दी। 11 बजे परचेजर व मार्केटिंग सोसायटी के कर्मचारी ढेरी के पास आए तथा सैंपल लेकर नारनौल रवाना हो गए थे। देर शाम तक खरीद के इंतजार में किसान बैठे रहे, इसके बाद मोबाइल पर डिसकलर होने की सूचना मिली, लेकिन किसान अपना तर्क प्रस्तुत करने के लिए दूसरे दिन भी मंडी में डटे रहे। शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे परचेजर आए तथा किसानों को बाजरा उठाने को कहा, लेकिन किसानों ने टोकन पर डिसकलर का रिमार्क डालने या अन्य कोई कारण दर्ज करने की गुहार लगाई।

### डिसकलर बाजरे की खरीद संभव नहीं

हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों पर बाजरा उत्तीर्ण नहीं है। बारिश में भीगने के कारण दाना डिसकलर हो गया, जिसकी खरीद करना संभव नहीं। किसान खुले बाजार में बिक्री कर सकता है तथा जेफार्म को ऑनलाइन कराने पर खाते में भावांतर जमा हो जाएगा। खरीद की सभी तैयारियां पूरी हैं तथा बेहतर क्वालिटी का बाजरा खरीदा जाएगा।

### दाने का स्वाद कड़वा नहीं

बनिहाड़ी, नोलाजा, भेडंटी, दत्ताल के किसानों ने बताया कि लंबी बारिश होने के कारण खड़ा बाजरा भीगा था। कुछ बीज की वैरायटी भी पीलापन पर थी, जिस कारण कलर में पीलापन है। उन्होंने मंडी में खरीद नहीं होने की स्थिति में सादागरों को औने-पौने भावों में बेचना पड़ेगा। क्योंकि नांगल चौधरी मंडी में आढ़ती निजी तौर पर खरीदारी नहीं करते हैं। सौदागरों को बेचे गए बाजरे का जेफार्म नहीं मिलेगा जिसके बिना भावांतर मिलना संभव नहीं।

### भावांतर भरपाई की बजाय समर्थन मूल्य पर फसल खरीद की मांग




■ ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मार्केट कमेटी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने इलाके की प्रमुख फसल बाजरा की नारनौल सहित जिले की सभी अनाज मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के नाम ज्ञापन मार्केट कमेटी सचिव को सौंपा। जिसमें कहा कि बाजरा इस इलाके की मुख्य फसल है। जिसे एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा। जिससे किसानों को बाजरा की फसल औने पौने दामों में बेचनी पड़ी रही है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। एआईकेकेएमएस जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की बजाय भावान्तर भरपाई योजना किसानों के लिए छलावा है। समर्थन मूल्य की बजाय भावान्तर भरपाई योजना किसानों के भले में नहीं है, बल्कि सरकार की भावान्तर योजना मंडियों को खत्म करने की योजना है। सरकार की 23 सितंबर से बाजरा खरीद की घोषणा के अनुसार जिले की अनाज मंडियों के जायजा लेने से लगता है, सरकार की मंशा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीद की नहीं है। सरकार का यह दावा कि प्रदेश के किसानों की खरीफ फसलों का एक एक दाना सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेंगी, जो हकीकत से कोसों दूर है। ज्ञापन में मांग की कि इस इलाके की मुख्य फसल बाजरा की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले की सभी अनाज मंडियों में सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। अन्यथा किसान संगठन एआईकेकेएमएस को धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### मंडी में बाजरा नहीं आने से खरीद नहीं हो रही चालू

महेंद्रगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा बाजरे का समर्थन मूल्य घोषित करने के बावजूद अब तक महेंद्रगढ़ अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई है, जबकि घोषणा को चार दिन का समय बीत चुका है। चौथे दिन किसान मंडी में कोई बाजरा लेकर नहीं पहुंचे। न ही सरकारी रेट पर और न ही प्राइवेट में बेचने के लिए। इस कारण खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस एवं मंडी के आढ़तियों के यहां बाजरे की खरीद चालू नहीं हो पाई है। सरकार ने बाजरे का समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है, जबकि खरीद एजेंसी इसे 2150 रुपये की दर से खरीदेंगी और सरकार 625 रुपये भावांतर भरपाई के तहत किसानों को प्रदान करेगी।

## पूर्व प्रधान को मिला अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

■ रोटरी में उत्कृष्ट जनसेवा के लिए किया सम्मानित

रोटरी क्लब सिटी के पूर्व प्रधान रोटेरियन प्रवीण संघी को रोटरी में उत्कृष्ट जनसेवा के लिए रोटरी इंटरनेशनल की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एवेन्यू ऑफ सर्विसेज अवॉर्ड से नवाजा गया। प्रवीण संघी ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट की ओर से पिछले कई वर्षों से तमाम क्लब्स में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे विभिन्न पदाधिकारियों व उनके जनहित कार्यों की समीक्षा करते हुए इंटरनेशनल एवेन्यू अवॉर्ड के लिए चयनित किया जाता है। प्रवीण संघी ने इस उपलब्धि के लिए डीजी डॉ. रवि गुगनानी, अजीत जालान, पुष्पा सेठी व धीरज भूटानी का आभार व्यक्त किया। क्लब को पहली बार इतने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अवॉर्ड दिलाने के लिए प्रधान राजकुमार चौधरी, गोपाल मित्तल, एडवोकेट राजकुमार यादव, डॉ. हितेश वर्मा, संजय गर्ग, विजय जिंदल, विनोद चौधरी, नवीन गुप्ता, मधुर गर्ग, डॉ. एमएम रावत, हितेंद्र शर्मा व हितेंद्र मित्तल आदि ने बधाई दी।


नारनौल। प्रवीण संघी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## अवैध कब्जा हटाने पहुंची टीम, कब्जाधारियों ने स्वयं हटाया

**एक केस अभी कमिश्नर ने पास पेंडिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

गांव दौगड़ा जाट दो लोगों द्वारा किए हुए अवैध कब्जे को हटाने खंड सिहमा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सचिन की अगुवाई पुलिस बल एवं उनकी टीम के साथ पहुंचे। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि कब्जाधारियों ने स्वयं ही कब्जा हटा लिया था।

दोगड़ा जाट में दो लोगों द्वारा गांव में अवैध कब्जा किया हुआ था। दोनों व्यक्तियों ने कोर्ट में ग्राम सामलात अधिनियम की धारा 7 केस किया हुआ था। वहां से वह दोनों केस हार गए। उसके बाद वह दोनों उस फैसले को लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे। वहां से भी वह केस हार गए। उसके बाद दोनों ने कमिश्नर के पास अपील की थी। एक केस वहां से भी हारकर हाईकोर्ट में चला गया था। एक केस अभी कमिश्नर ने पास पेंडिंग था।


मंडी अटेली। दौगड़ा जाट में अवैध कब्ज स्वंय हटवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस बल की मांग की थी

अवैध कब्जे को देखते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सचिन ने इस कब्जे को हटाने के लिए पुलिस बल की मांग की थी। इसके बाद दोनों लोगों को खंड कार्यालय सिहमा में बुलाया गया था। इन दोनों द्वारा अवैध कब्जा स्वयं ही हटा लिया गया था। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सचिन ने बताया कि उन्होंने आमजन से अपील की है कि आप अपने अवैध कब्जे इसी प्रकार से स्वयं ही हटा ले अन्यथा प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## ग्रामीण सरपंच व अधिकारियों को करा चुके अवगत, समस्याएं जस की तस

# समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया धरना

**धरने को पहले दिन 150 ग्रामीणों ने अपना सर्मथन दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बुचौली ने ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव की समस्या की मांग को लेकर पांच दिवसीय सांकेतिक धरना शुरू किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो भूख हड़ताल की जाएंगी। धरने को पहले दिन 150 ग्रामीणों ने अपना सर्मथन दिया।

ग्रामीण डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव की फिरनी बदहाल हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार गांव की समस्या को लेकर सरपंच व अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का अभी तक समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि गांव से कोई महेंद्रगढ़ के लिए बस सेवा नहीं है। ऐसे प्रतिदिन आवागमन करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है।

सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों को उठानी पड़ रहीं हैं। गांव के काफी छात्राएं शिक्षा करने के लिए शहर जाती है, बस के अभाव में अनहोनी होने का डर बना रहता है। ग्रामीण पंकज राव ने बताया कि आठ मई 1988 को गांव का सैनिक जयदयाल श्रीलंका से युद्ध के दौरान शहीद हुआ था, लेकिन 37 वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से शहीद के सम्मान में शहीद स्मारक नहीं बनाया गया। किसान ओमप्रकाश ने बताया कि बारिश के कारण कपास की फसल पूरी तरह से खराब हो चुकी है। सरकार से मांग की है।


महेंद्रगढ़। गांव में धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों की यह मांगें

*धरना देने वाले ग्रामीणों की मांग है कि सरकार के द्वारा नियमित रूप से शहर महेंद्रगढ़ के लिए बस की सुविधा मुहैया की जाए। गांव में डिजिटल लाईब्रेरी खोली जाए। गांव की फिरनी पक्की की जाए। गांव में आधुनिक पार्क की सुविधा व ग्राउंड बनाया जाए, जिम की सुविधा अपग्रेड करके सभी मशीनों की पूर्ति की जाए। मिर्जा वाले से सिगड़ा तक रोड बनाया जाए। कपास और बाजरे का मुआवजा जल्द से जल्द जारी किया जाए। गांव के सरकारी स्कूल में विज्ञान संकाय शुरू किया जाए सहित अनेक मांगें हैं। इस मौके पर अनिल कुमार, दीपक राव, मनोज, आशीष कुमार, मोहित राव, शहीद का पोता अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।*

### चुनाव में अनियमितताओं का लगाया आरोप

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा के सदस्य प्रदीप बालरोडिया ने आरोप लगाया है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद भी सभा कार्यालय में अधिसूचना और नामावली चस्पा नहीं की गई है। उन्होंने सहयोगियों के साथ जब सभा के कार्यालय का दौरा किया तो उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। प्रदीप बालरोडिया ने जिला रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर प्रश्न चिह्न लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिटर्निंग ऑफिसर चुनाव संबंधी गतिविधियों से अनभिज्ञ थे और घर से ही चुनाव की कार्यवाही कर रहे थे। प्रदीप बालरोडिया ने जिला रजिस्ट्रार से अनुरोध किया है कि वे इस मामले को संज्ञान में लेकर उचित और त्वरित कार्रवाई करें, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसमें किसी प्रकार की देरी अथवा गड़बड़ी होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला रजिस्ट्रार कार्यालय की होगी।

### तीन खिलाड़ियों ने जीते पदक

*नारनौल। खेल विभाग के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में चल रहीं जूड़ो की खेल नर्सरी के तीन खिलाड़ियों ने पंचकूला में 24 से 26 सितंबर तक आयोजित सीनियर ओपन खेल महाकुंभ में पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा लोहा मनवाया है। कोच विवेक कुमार ने बताया कि दिव्या ने 57 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर, गौरव ने 73 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर व स्वाति ने 78 किलोग्राम भारवर्ग में ब्रांच मेडल किया किया है। जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों की मेहनत व समर्पण से जिले के अन्य खिलाड़ी भी प्रेरणा लेंगे। खेल विभाग खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। कोच विवेक कुमार ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि जिले की प्रतिभा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी और भी बड़े स्तर पर सफलता प्राप्त करेंगे।*


नारनौल। पदक विजेता खिलाड़ी को बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि



कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।



पपुआ न्यू गिनी का हूडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेइंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर

## हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

## लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



बन रहा समय की जरूरत

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत

## पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

## रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।



चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान

## डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरद्क्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

## एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिजनेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC (Centre for Development of Advanced Computing)** – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

## यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML (CDAC, IITs, IIITs)** – 1 साल
- **Certificate Courses (Coursera, NPTEL, Udemy, EdX)** – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- **(Fresher)**: 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

## यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक:** भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग:** पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस:** डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग:** सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी:** डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें:** आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें:** कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन:** रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं:** जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग:** लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा:** दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप



### शिविर में नागरिकों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल में वीरवार को आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में अनेक व्यक्तियों व गर्भवती महिलाओं ने लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ पंचायत समिति कनीना के चेयरमैन जेपी यादव ने किया। नपा पार्षद दीपक चौधरी व भरपूर सिंह यादव भी थे।

### सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर उपायुक्त को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर नगर पालिका कर्मचारी संघ की बातचीत हुई थी।

### कंप्यूटर लैब सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

**मंडी अटेली।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब सहायकों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जॉब सुरक्षा के लिए सर्विस सिक्योरिटी पत्र जल्द जारी करने की मांग की गई। लैब सहायक 14 साल से सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं तथा उन्हें 12 हजार प्रतिमाह वेतन मिलता है।

### किसान गोष्ठी व पशु स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**मंडी अटेली।** राजकीय पशु औषधालय मोहम्मदपुर में पशुचिकित्सक डॉ. विनेश यादव के नेतृत्व में किसान गोष्ठी एवं पशु स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 100 पशुओं को कृमि नाशक दवा, 10 का दस्त व अपच, तीन को अनइस्ट्रस, एक पशु का डगनेला रोग, एक का साइलेंट हीट, दो पशुओं का रिपीट ब्रीडिंग के लिए उपचार किया गया।

# वंदे भारत ट्रेन में लोहारू से महेंद्रगढ़ आए थे सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

**वंदे भारत ट्रेन के महेंद्रगढ़ पहुंचने पर किया स्वागत लोगों में उत्साह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के आगमन पर पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलाश शर्मा, विधायक कंवर सिंह यादव, विभिन्न संगठनों, दैनिक रेलयात्री संगठनों ने सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह एवं ट्रेन स्टाफ का स्वागत किया। वंदे भारत ट्रेन के महेंद्रगढ़ स्टेशन पर पहुंचने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेलमंत्री जिंदाबारद के नारे लगाए, वहीं चालक व गार्ड को फूलमालाएं पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस ट्रेन में इलाके के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह स्वयं लोहारू से सवार होकर महेंद्रगढ़ पहुंचे थे, जिन्होंने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। बता दें कि वंदे भारत ट्रेन महेंद्रगढ़ स्टेशन पर सायं 8 बजे पहुंची। ट्रेन का स्वागत करने के लिए सैकड़ों की संख्या लोगों ने पहुंचकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस ट्रेन को हरियाणा में महेंद्रगढ़ सहित कुल 4 रेलवे स्टेशनों पर ठहराव की मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को बीकानेर से रवाना किया था। यह वंदे भारत ट्रेन बीकानेर से दिल्ली तक 448 किलोमीटर की दूरी मात्र 6 घंटे 15 मिनट में तय करेगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस है ट्रेनः वंदे भारत ट्रेन पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस है और इसके सभी कोच वातानुकूलित हैं। प्रत्येक कोच में इलेक्ट्रिक आउटलेट, रीडिंग लाइट, सीसीटीवी कैमरे, बायो-वैक्यूम शौचालय, सेंसर आधारित पानी के नल और यात्री सूचना प्रणाली जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ट्रेन में दो टीटी, दो क्रू मेंबर और एक गार्ड की टीम यात्रियों की सेवा के लिए तैनात रहेगी।






**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़ में ठहराव करती वंदे भारत ट्रेन व वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह।

### यह रहेगा किराया

*इस गाड़ी का महेंद्रगढ़ से गुड़गांव के लिए किराया 460 रुपये तथा दिल्ली कैंट के लिए 480 रुपये रहेगा। अगर टिकट में खाने आदि की भी सुविधा है तो महेंद्रगढ़ से गुड़गांव के लिए 575 तथा दिल्ली कैंट के लिए 915 रुपये रहेगा। दैनिक रेलयात्री के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि बीकानेर से प्रातः 5:40 बजे चलकर महेंद्रगढ़ प्रातः 9:47 बजे पहुंचेगी तथा उसके बाद गुरूग्राम व दिल्ली कैंट जाएगी। दिल्ली कैंट से वापिसी सायं 4:45 बजे चलकर महेंद्रगढ़ सायं 6:31 बजे तथा बीकानेर रात्रि 11 बजे पहुंचेगी।*

### होगा फायदा

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस नई सुविधा से क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी। खासकर दिल्ली और बीकानेर तक छात्रों व कारोबारियों की आवाजाही तेज और सुगम होगी। महेंद्रगढ़ स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कई राज्यों से छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं, जिन्हें अब यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी।

## प्रभु राम की चरण पादुका लेकर वन से अयोध्या लौटे भरत

# राम वनवास व दशरथ देह त्याग के दिल छू लेने वाले मार्मिक दृश्यों ने किया भावविभोर

- श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा की ओर से 75वीं रामलीला का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा की ओर से आयोजित 75वीं रामलीला मंचन के पांचवें दिन वीरवार को राम वनवास, दशरथ देह त्याग व भरत मिलाप की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। रामलीला के ट्रस्टी अशोक पाण्डे ने बताया कि डॉ. मनोज वर्मा के कुशल निर्देशन में दीपक हरित ने राम, राजेश सोनी ने सीता, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, मनमोहन सोनी ने राजा दशरथ, अंशु हरित ने आर्य सुमन्त, सत्यनारायण वर्मा ने महर्षि वशिष्ठ, भवानी शंकर ने भरत, रुद्र हरित ने शत्रुघ्न, दिनेश सैनी ने माता कौशल्या, रोहित वालिया ने कैकेयी, नरेश बादल ने निशाद राज व विष्णु शर्मा ने केवट के किरदारों में अपने जानदार अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। मंगलमुखी किन्नर समाज सहित प्रधान विनोद सैनी मुख्यातिथि रहे। वहीं अध्यक्षता गोविंद भारद्वाज ने की तथा रोटरी क्लब प्रधान राजकुमार चौधरी, एडवोकेट निशांत सोनी, निशा सोनी, यश सोनी, कमल गोयल, बबीता गोयल, मोहित मित्तल व हितेंद्र बोहरा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर सहनिर्देशक बलवंत सैनी संरक्षक शिम्भूदयाल गर्ग, संजय गर्ग, नरेन्द्र जैन, विष्णु शर्मा, बलवान सैनी, दिनेश भार्गव, मुकेश वालिया, संदीप शुक्ला, सुभाष कौशिक, डॉ. राधेश्याम, सोमदेव जांगिड़, सारिका गर्ग व सीमा हरित आदि उपस्थित रहे।



**नारनौल।** रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



**महेंद्रगढ़।** लीला का मचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हनुमान रामलीला कमेटी के रंगमंच पर की

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय स्तर पर नाट्य कला में अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुकी फरीदाबाद निवासी राधा ठाकुर एवं दिनेश मेहता, कैकेई व दशरथ के संवाद की बेहतरीन अदायगी के साथ हनुमान रामलीला कमेटी के रंगमंच पर कोप भवन की लीला का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ सैनी क्षत्रिय समाज के प्रधान सुरेश सैनी ने किया। प्रधान सुरेश सैनी ने कहा कि हम सभी को भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। अपने जीवन में समृद्धि और शांति लाने के साथ–साथ राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने के लिए प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का अनुसरण करना ही होगा। उन्होंने बताया कि श्री हनुमान रामलीला कमेटी के रंगमंच पर उत्कृष्ट रामलीला का मंचन श्रेष्ठ कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। कोप भवन की लीला में हनुमान रामलीला कमेटी के निर्देशक दिनेश मेहता ने दशरथ का अभिनय किया।



### परिषद के रंगमंच पर कोप भवन की बेहतरीन लीला का मंचन

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद के भव्य रंगमंच पर पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा मुख्यातिथि और अध्यक्षता जिला पार्षद देवेंद्र यादव ने कोप भवन की लीला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने रामलीला के श्रेष्ठ मंचन पर अपनी और से सभी कलाकारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि रामायण केवल कल्पना नहीं, अपितु हमारे संस्कारों का मूलभूत आधार है। उन्होंने रामलीला परिषद के बेहतरीन कार्यों के लिए परिषद को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला परिषद के रंगमंच पर दशरथ के अभिनय में वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर दीवान और केकई अतुल शर्मा के अभिनय शानदार रहा। कोप भवन की लीला में कवि सुरेश मक्कड़ द्वारा लिखित युगल एवं एकल गीत सराहनीय रहा। वहीं राम के अभिनय में रवि सैनी, लक्ष्मण के अभिनय के जयसिंह, सीता के अभिनय में पंकज यदुवंशी, सुमन्त के अभिनय में ललित खोरीवाला, मंथरा के अभिनय में कृष्णस्वरूप पचौरी ने अपने अपने किरदारों को मंच पर जीवंत कर दिया। इस अवसर पर चेतनप्रकाश गौड़, रामचन्द्र जांगड़ा, अमित मिश्रा, अतुल दीवान, नरेश चेयरमैन, सुशील शर्मा, नरेश जोशी, राजू सैनी, रमेश कौशिक, दलीप गोस्वामी, अनिल सेठ, बिट्टू सैनी, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

### रामलीला में दशरथ कैकेयी संवाद की लीला का मंचन



**मंडी अटेली।** कस्बे के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला में रामलीला में दशरथ कैकेयी संवाद एवं राम बनवास की लीला का मंचन हुआ। रामलीला मंचन में राजा दशरथ से कैकेयी ने दो वर मांगे। जिसमें एक में राम को चौदह वर्षों का वनवास तथा दूसरे में भरत को सिंहासन। इसके बाद राम, सीता व लक्ष्मण वन के लिए निकल पकड़ते हैं, जिसे दर्शक भावुक हो गए। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। दिखाया गया कि सीता स्वयंवर के बाद जब श्री राम-लक्ष्मण अयोध्या पहुंचते हैं तो पूरे राज्य में खुशियां मनाई जाती हैं। राजा दशरथ श्रीराम को अयोध्या का राजकाज देने का निर्णय करते हैं। अंतिम समय पर कैकेयी अपनी दासी मंथरा के कहने पर पूर्व में दिए गए राजा दशरथ को दो वर मांग लेती है।

### भरत मिलाप का मंचन

**नारनौल।** शहर की अनाज मंडी स्थित श्री कृष्णा ड्रॉमेटिक क्लब के मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था ओर से चल रही भगवान राम की लीला के मंचन के सातवें दिन की लीला का मंचन किया गया। मंच संचालक भारत भूषण तायल ने किया। रामलीला के प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि रामलीला में दशरथ मरण, भरत मिलाप, केवट और विराध वध कि लीला का मंचन किया गया। रामलीला कमेटी के प्रधान मोनू भाटा ने बताया कि राम की अरविंद गर्ग, लक्ष्मण की मनोज निर्मल, सीता की विवेक शर्मा, सुमंत की सोनू शर्मा, भरत की कनिष्क कोहली, दशरथ की संजय दुलगच, शत्रुघ्न की दीपक कोहली, वशिष्ठ की संजय प्रजापति, केकेई की सतीश बेदी, रानी की ध्रुव वर्मा ने अभिनय किया।

### श्री आदर्श रामलीला

**महेंद्रगढ़।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर कोप भवन की लीला का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ विनोद श्यामपुरिया व रवि चौहान ने किया। लीला के दौरान कोप भवन की मार्मिक लीला दिखाई गई, जिसमें दशरथ का अभिनय शुभम तिवारी, केकैई हरिशंकर कौशिक, राम सुरेश गोस्वामी, सीता मानव, लक्ष्मण नीरज तिवारी, कौशल्या केशव सैनी, सुमंत पंकज सैनी ने निभाया। लीला के दौरान दिखाएं दशरथ केकैई संवाद को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

# प्रतियोगिता करवाना एक अच्छा कामः अर्चना ठाकुर

**राजकीय विद्यालय पाली में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय विद्यालय पाली में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा की जिला मंत्री अर्चना ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी अन्नू, द्वितीय समीक्षा एवं तृतीय स्थान पर रीतिका रही। जिले की मंत्री अर्चना ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के रूप में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूलों में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तीसरे स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी से नवाजा जा रहा है। यह एक अच्छी पहल है। प्रतियोगिता करवाना अपने आपमें विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को उभारना है। वह अपना हुनर दिखाकर अच्छे आर्टिस्ट के रूप में अपने आपको स्थापित कर सकेंगे। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में कंपटीशन की भावना को उजागर करने एवं उन्हें अपने आपमें एक जज्बा पैदा होगा।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# सिंघानिया विश्वविद्यालय में जॉब फेयर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बड़ी पचेरी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय जॉब फेयर का समापन हो गया। कार्यक्रम का समापन सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी प्रेसिडेंट डॉ. मनोज कुमार ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के समय में ग्रामीण अंचल में रोजगार की अत्यधिक आवश्यकता है।

मेले न केवल छात्रों को सीखने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उनके करियर की संभावनाओं को भी विस्तृत करते हैं, ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर डॉ दीप्ति, डायरेक्टर (अकादमिक एवं इंडसट्रियल) ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद यह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित पहला जॉब फेयर है। वहीं, प्रोफेसर (डॉ.) पी.एस. जस्सल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अलोक कुमार ने किया। इस मेले में संसेरा इंजीनियरिंग लिमिटेड, रिवेंट प्रिसिजन लिमिटेड, ग्लोबल ऑटो टेक लिमिटेड, बुचर हाइड्रोलिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हिंदवेयर लिमिटेड, मासु ब्रेक पैड्स प्राइवेट लिमिटेड, सेलोव्रैप ईपीपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, वर्धमान यार्न एंड थ्रेड प्राइवेट लिमिटेड, कैनन इंडिया, एस्को कास्टिंग एंड इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, पॉली मेडिकल क्योर कंपनी और शिप्रो टेक कंपनी जैसी प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया।



**नारनौल।** जॉब फेयर मेले में भाग लेने वाले प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि




**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### सिटी किड्ज वर्ल्ड स्कूल में मनाया नवरात्रि

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्स वर्ल्ड स्कूल में नवरात्रि उत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक रूप से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा के मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिनमें गरबा, डांडिया नृत्य और भक्ति गीत मुख्य आकर्षण रहे। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गरबा नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि यह पर्व शक्ति, भक्ति और सामूहिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि वे परंपराओं को सहेजते हुए समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार और बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। पूरे विद्यालय में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती यादव धर्मशाला में से मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव ने की, जबकि मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा, विधायक ओमप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, जिला संयोजक एडवोकेट राकेश शर्मा थे। सभी नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने अपना संपूर्ण जीवन देश व मानव सेवा में समर्पित कर दिया। उनके लिए अंत्योदय मात्र राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मूल मंत्र था। उन्होंने सत्ता प्राप्ति के बजाय सेवा के माध्यम से समाज उत्थान को राजनीति का लक्ष्य बताया। मुख्य वक्ता रामविलास शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल भारतीय जनसंघ के संस्थापक रहे और उन्होंने संगठन कार्यकर्ता के रूप में व्यक्तिगत शुचिता तथा गरिमा के उच्च मानदंड स्थापित किए। विधायक ओमप्रकाश यादव ने उन्हें भाजपा का वैचारिक मार्गदर्शक व प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि उनका दर्शन भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता की भावना को प्रकट करता है।




**नारनौल।** कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गोविंद भारद्वाज, राकेश यादव, भवानी शंकर, किशन बोहरा, योगेश शास्त्री, डॉ. राकेश, महिपाल यादव, अर्चना ठाकुर, संदीप मालड़ा, नीलम कुमारी, विकास अग्रवाल, आनंद मेहता, सरला यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष माया सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# सूरज कॉलेज का पर्व शर्मा विवि में रहा द्वितीय स्थान पर

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बीसीए द्वितीय सेमेस्टर की टॉप–10 मेरिट लिस्ट घोषित की गई, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि छात्र पर्व शर्मा पुत्र मुकेश ने 9.13 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह कॉलेज में प्रथम स्थान पर रहे। इसी कोर्स की छात्रा सुमन पुत्री अरुण ने 8.63 एसजीपीए लेकर कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्रा तमन्ना पुत्री नरेन्द्र ने 8.42 एसजीपीए, छात्रा टीना पुत्री मनोज कुमार ने 8.08 एसजीपी प्राप्त किए। कॉलेज प्राचार्य सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।



सुमन



तमन्ना


## सूचना

मृतक प्रतिवादी/मदयून के विधिक प्रतिनिधि को सम्मन (आदेश 22 नियम 4 सी पीसी)
नियमित सिविल इजराये प्रकरण संख्या 12 वर्ष 2021
न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, श्रीकरनपुर।

दूली चन्द बनाम

लेखराम उर्फ लेखराज रामदुलारी पत्नी लेखराम उर्फ लेखराज जाति ब्राह्मण निवासी गांव कारोता तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ हरियाणा। 2. पुरुषोतम पुत्र लेखराम उर्फ लेखराज जाति ब्राह्मण निवासी गांव कारोता तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ हरियाणा। 3 . रज्जो उर्फ रजनी पुत्री लेखराम उर्फ लेखराज जाति ब्राह्मण निवासी गांव कारोता तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा। 4. रचना पत्नी अशोक कुमार जाति ब्राह्मण निवासी गांव कारोता तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा। 5. शुभम शर्मा पुत्र अशोक कुमार जाति ब्राह्मण निवासी गांव कारोता तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ हरियाणा। 6. राजेश शर्मा पुत्र अशोक कुमार जाति ब्राह्मण निवासी गांव कारोता तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा। 7. निधि पुत्री अशोक कुमार जाति ब्राह्मण निवासी गांव कारोता तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ हरियाणा।
दूली चन्द डिक्रीदार ने न्यायालय में दिनांक 15-11-2019 को लेखराम उर्फ लेखराज मयून के विरुद्ध वाद संस्थित किया था। मदयून लेखराम उर्फ लेखराज की अब मृत्यु हो चुकी है और उक्त डिक्रीदार ने यह अभिकथन करते हुए इस न्यायालय में आवेदन किया है कि आप उक्त मदयून लेखराम उर्फ लेखराज मृतक के विधिक प्रतिनिधि है और यह इच्छा प्रकट की है कि आपको उसके बदले में प्रतिवादी/मदयून बनाया बनाया जावे।
आपको समन किया जाता है कि आप उक्त इजराय में प्रतिरक्षा करने के लिए दिनांक 13.10.2025 को 10.00 बजे पूर्वाह इस न्यायालय में हाजिर हों और यदि आप ऊपर बताई गई तिथि को उपस्थित नहीं होगें तो वाद के सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

न्यायाधीश
न्यायालय की आज्ञा से
**रीडर**
**वरिष्ठ सिविल न्यायीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**श्रीकरनपुर, जिला श्रीगंगानगर**

## खबर संक्षेप

### बस संचालन पर ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

**कनीना।** कनीना से बहु झोलरी वाया बव्वा बस संचालन शुरू होने पर ग्रामीणों ने कोसली के विधायक अनिल डहिना का आभार जताते हुए खुशी जताई है। राज्य परिवहन की यह बस प्रतिदिन कनीना से शाम 3:10 बजे पर रवाना होगी तथा 3:50 बजे वापस चलेगी। बव्वा के ग्रामीण कमल सिंह, राजीव यादव, प्रदीप कुमार, सुरेश यादव व सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस रूट पर पहले से एक बस संचालन होता था।

### परीक्षाओं की कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा 28 को

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापित डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डीएसीई) अनुसूचित जाति (एससी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए यूपीएससी/एचसीएस सिविल सेवा परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग प्रदान करता है।

### प्रदीप कुमार बने लेक्चरर एसोसिएशन के प्रधान

**नारनौल।** लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन हरियाणा जिला की इकाई का गठन किया गया। बैठक में आब्जर्वर के रूप में राज्य संगठन की तरफ से गुरुग्राम से जितेंद्र कुमार शामिल हुए। जिसमें प्रधान प्रदीप कुमार राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुडाना, वाइस प्रधान धर्मेन्द्र सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल कमानिया, सचिव सुजीत लाठर पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल चौधरी, सह सचिव ज्योति कुमारी पीएमश्री सेठ मुरलीधर स्कूल निवाजनगर, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बोचड़िया को निर्विरोध चुना गया।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री 30 को आएंगे नारनौल

**नारनौल।** जिला कार्यालय में जिला प्रधान राजकुमार खातौद की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी राकेश जाखड़ मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा 30 सितंबर को 11 बजे निजामपुर रोड सिटी मैरिज पैलेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला संबोधित करेंगे।

# नवरात्र व जीएसटी में कमी से ऑटो सेक्टर में आई रौनक

## वाहनों की बिक्री 15 से 20 प्रतिशत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नवरात्र पर्व व जीएसटी दरों में कमी का सीधा असर ऑटो मोबाइल बाजार पर दिखाई दे रहा है। शोरूम संचालकों के अनुसार पिछले नवरात्र के पहले से वाहनों की बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ग्राहकों को लुभाने के लिए कंपनियां विभिन्न आकर्षक ऑफर भी पेश कर रही हैं। शोरूमों पर सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी हुई है। दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों तक की खरीदारी में लोग रुचि दिखा रहे हैं। नवरात्र को शुभ मानते हुए लोग नए वाहन लेने को प्राथमिकता दे रहे हैं। जीएसटी दरों में कमी आने से वाहनों की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे ग्राहकों का रुझान और अधिक बढ़ गया। चार पहिया वाहन की कीमत एक लाख रुपये तथा दोपहिया वाहन की कीमत में 10 हजार रुपये तक की कमी आई है। कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए आर्कषक ऑफर दे रही हैं। वहीं कुछ शोरूम नवरात्रा पर स्पेशल कस्टमर लकी ड्रॉ भी करा रहे हैं। शोरूम संचालकों का कहना है कि इस बार त्योहार सीजन की शुरुआत उम्मीद से ज्यादा बेहतर रही है।

**खास बातें**

- ग्राहकों को लुभाने के लिए दी जा रहे है आकर्षक ऑफर दीपावली के चलते व्यापार में ओर तेजी आने की उम्मीद

### चार पहिया वाहन की कीमत एक लाख रुपये तथा दोपहिया वाहन की कीमत में 10 हजार रुपये तक की कमी आई

**नवरात्र का शुभ मौका बना ग्राहकों की पहली पसंद**



महेंद्रगढ़। वाहनों की जानकारी लेते ग्राहक। फोटो: हरिभूमि

नवरात्र पर्व को परंपरागत रूप से नया वाहन, घर या सोना खरीदने के लिए शुभ माना जाता है। यही कारण है कि महेंद्रगढ़ ही नहीं, आसपास के इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग वाहन खरीदने शोरूम पहुंच रहे हैं। इस दौरान शोरूमों में सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। कई शोरूम संचालकों ने बताया कि ग्राहकों की डिमांड के चलते उन्हें अतिरिक्त स्टॉक मंगवाना पड़ा है।

### व्यापार में तेजी आने की है उम्मीद



यामाहा शोरूम संचालक नवीन यादव का कहना है कि नवरात्रा शुरू होने तथा जीएसटी दरों में कमी होने के बाद व्यापार में तेजी आई है। त्यौहारी सीजन के चलते व्यापार में तेजी आने की उम्मीद है। ग्राहकों को 51 रुपये का केश बैक दिया जा रहा है। इसके अलावा एक आकर्षक गिफ्ट भी दिया जा रहा है।

### जीएसटी में कमी से कीमतों पर सीधा असर

वाहनों पर जीएसटी दरों में हाल ही में की गई कमी का असर सीधे तौर पर उपभोक्ताओं तक पहुंचा है। छोटे और मध्यम वर्गीय परिवार अब पहले की तुलना में कम कीमत में वाहन खरीद पा रहे हैं। यही वजह है कि दोपहिया से लेकर चारपहिया तक हर श्रेणी में ग्राहकों का रुझान बढ़ा है। बाइक और स्कूटर की बिक्री जहां युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है, वहीं चार पहिया वाहनों की खरीदारी शहरों में अधिक हो रही है।

## कांग्रेस का हल्ला बोल, वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाया

# अनीता यादव ने मंच से अटेली विधायक पर किया निजी हमला

जनसभा के बाद नारनौल-रेवाड़ी रोड पैदल मार्च किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने नारेबाजी की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

कांग्रेस पार्टी ने वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान से पहले एक गार्डन में जनसभा को आयोजित किया गया। जनसभा के बाद नारनौल-रेवाड़ी रोड पैदल मार्च किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। अभियान में मुख्यातिथि कांग्रेस के हरियाणा सहप्रभारी जितेंद्र भगेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतवीर झुकिया, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष डॉ. रजवंती ने इस अभियान का नेतृत्व किया। इस मंच से अटेली से कांग्रेस प्रत्याशी रही पूर्व सीपीएस ने अटेली विधायक पर निजी हमला भी किया।

इस अवसर पर जितेंद्र भगेल ने बताया कि राहुल गांधी की ओर से दिया गया यह केवल नारा नहीं बल्कि जनता का गूंजता हुआ जनादेश है। भाजपा ने मतदाता सूचियों में धांधली कर सत्ता हथियाई है लेकिन कांग्रेस इसे जन आंदोलन बनाकर गांव-गांव तक ले जाएगी। भाजपा जनता का वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है, लेकिन कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने हस्ताक्षर कर भाजपा सरकार का विरोध जताया। राहुल गांधी जब चुनाव वोट चोरी की बात करते हैं तो चुनाव आयुक्त कुछ नहीं बोलते है। केंद्र सरकार पर चुनावी धांधली, जीएसटी के नाम पर जनता की लूट व किसानों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोप लगाए। जीएसटी के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। अगर असल में जीएसटी कम हुई है तो ना तो पेट्रोल के दाम कम हुए ना ही डीजल के तो फिर केंद्र सरकार लोगों को क्यों गुमराह कर रही है। यह अभियान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई मुहिम का हिस्सा है। जिला प्रधान सतवीर झुकिया ने बताया कि यह जन आंदोलन आने वाले समय में सरकार की नींव हिला देगा। कांग्रेस पार्टी हर गांव, हर गली व हर घर तक जाएगी तथा जनता की आवाज बनेगी।



मंडी अटेली। कांग्रेस की जनसभा में मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता तथा जनसभा में उपस्थित लोग।



मंडी अटेली। वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाकर पैदल मार्च निकालते हुए।

### अनीता यादव ने यह दिया बयान

अटेली विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ चुकी पूवर् सीपीएस अनीता यादव ने मंच से कहा कि अटेली विधानसभा की मतगणना को घंटो रूकवा कर वोट चोरी कर अपने प्रत्याशी को जितवाया है। राहुल गांधी जी ने हमारी दुखती रग पर हाथ रखा है। पूर्व सीपीएस ने कहा कि यहां से जो प्रत्याशी जीती है, वह अटेली क्षेत्र में आती ही नहीं। यहां के स्वास्थ्य, शिक्षा व फसलों का बुरा हाल बना हुआ है। उन्होंने स्थानीय विधायक पर निजी हमले करते हुए कहा कि नोमिनेशन में कुंवारा दिखाया जाता है तथा अब बच्चे को पाला जा रहा है। क्षेत्र की जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है तथा जीत के बाद धन्यवादी भी शुरू नहीं हुए और दर्शन भी दूर हो गए है। अटेली में दो घंटे तक मतगणना रूकने के बाद वोट चोरी से विधायक बनी है,सह प्रभारी हमारी यह बात भी राहुल गांधी तक पहुंचाएं।

# राज्य सरकार जनता को बेहतर सुविधाएं देने को प्रयासरतः बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो: हरिभूमि

विधायक कार्यालय पर सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी पहुंचे। इस दौरान पर विधायक कंवर सिंह यादव ने उनका फूल माला और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक ने पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा को भी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि राज्य सरकार जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और रोजगार जैसे क्षेत्र में हम संतुलित और तेजी से काम कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि गांव से शहर तक हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिले और हरियाणा आत्मनिर्भर व आधुनिक राज्य बने।

विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। राज्य सरकार के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और सिंचाई जैसी योजना तेजी से आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों में नई दिशा देने के लिए अग्रसर है। हरियाणा सरकार ने अपने वादे को साकार करते हुए 25 सितंबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभांरभ किया है।

# 1.41 करोड़ की लागत से बाबा पुरुषोत्तम दास मंदिर और ढाणियां जुड़ेंगी मुख्य मार्ग से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- सांसद ने लिखा था प्रमुख अभियंता को पत्र, विभाग ने मंजूरी के लिए भेजा ऐस्टिमेट

गांव जेरपुर एवं मांडोला की विभिन्न ढाणियों तथा बाबा पुरूषोत्तम दास मंदिर को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाएगा। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव जेरपुर की पंचायत ने सांसद धर्मबीर सिंह के नाम मांग पत्र सौंपकर निवेदन किया था कि गांव जेरपुर एवं मांडोला की विभिन्न ढाणियों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए। सांसद ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर इस बारे जरूरी प्रक्रिया पूरी करने बारे कहा था। विभाग ने 1.41 करोड़ का ऐस्टिमेट बनाकर मंजूरी के लिए मुख्यालय भेज दिया है। संदीप मालड़ा ने बताया कि ये रास्ता छह करम का है तथा इसके पक्का होने से श्योलाल की ढाणी, मालड़िया की ढाणी, बिहारी की ढाणी के लोगों के साथ-साथ बाबा पुरूषोत्तम दास मंदिर जाने वाले भक्तों को भी सुविधा होगी। संदीप मालड़ा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार इस नीति से कार्य कर रही हैं।


महेंद्रगढ़। ढाणी का कच्चा रास्ता। फोटो: हरिभूमि

### इन ढाणियों के लोगों को होगा लाभ

श्योलाल की ढाणी, मालड़िया की ढाणी, बिहारी की ढाणी, बाबा पुरूषोत्तम दास मंदिर तक जाने में भी भक्तों को सुविधा होगी। सुविधा ढाणियों से बाबा केसरिया धाम तक आना भी सुगम होगा।

# स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार का निर्माण संभवः कृष्ण बेदी


सतनाली मंडी। सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर में चश्मे वितरित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी। फोटो: हरिभूमि

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने सतनाली में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया शुभारंभ

**सतनाली मंडी।** आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं सरल व सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतनाली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने 75 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि म्हारा हरियाणा जहां दूध दही का खाना से जाना जाता है, लेकिन महिलाओं की जब स्वास्थ्य की जांच होती है, तो रक्त व आयरन की कमी पाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से सभी अपनी अच्छे से जांच करवाएं, ताकि पाई जाने वाली कमी को विशेषज्ञों द्वारा दिए जाने वाले परामर्श से दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के तहत आयोजित इस शिविर में सभी महिलाएं अपने हीमोग्लोबिन की अवश्य जांच कराएं और हरी सब्जियों का सेवन करें।

# महर्षि वाल्मीकि का जीवन समाज के लिए प्ररेणा का सागरः कृष्ण बेदी

- वाल्मीकि मंदिर में कार्यक्रम हुआ आयोजन, मंत्री ने दो संस्था को पांच-पांच लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के मौहल्ला वाल्मीकि के वाल्मीकि मंदिर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शिरकत की। इसके अलावा विधायक कंवर सिंह यादव व पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने वाल्मीकि युवा सभा व संत कबीर सेवा समिति को पांच–पांच लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। इस दौरान समाज के लोगों ने मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक कंवर सिंह यादव व पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान धानक समाज व वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपनी मांग को लेकर एक सामूहिक पत्र भी सौंपा। मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का सागर है। उनकी हर बात समाज को नई दिशा देने का काम करती हैं।


महेंद्रगढ़। मंत्री कृष्ण बेदी को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते समाज के लोग।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला यतेंद्र राव, बिशन दयाल, नगर पार्षद विष्णु वाल्मीकि, बिशनदयाल, डॉ. सुरेश, सुभाष बिड़लान, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण यादव, रमेश कुमार, कुलदीप सिंह, पार्षद मुकेश, संदीप, राकेश कुमार, शम्मी, बिरमानंद, लक्खीराम, धानक समाज प्रधान प्रदीप, प्रमानंद सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# अस्थाई मजदूर की पहचान के लिए चलाया जाएगा विशेष जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



- एसपी ने दिए थाना व चौकी प्रभारियों ईंट भट्ठों, निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों, झुग्गी में अस्थाई मजदूर की पहचान के लिए विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश

जिले में अवैध तरीके से रहने वाले विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें डिटेन करने व सीमा पार वापस भेजने के लिए पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को स्पष्ट और सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह कार्रवाई सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों, गोदामों, झुग्गी झोपड़ियों में अस्थाई मजदूर की पहचान के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जाए।

एसपी ने कहा कि इन स्थलों पर कार्य कर रहे श्रमिकों की नागरिकता की गहनता से जांच की जाए और यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध पाया जाता है या उसके पास भारत में रहने का वैध दस्तावेज नहीं है, तो उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए तथा आवश्यक कागजी कार्रवाई के पश्चात उन्हें डिटेन किया जाए और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भेजा जाए। इस अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए डीएसपी सुरेश कुमार के सुपरविजन में एक स्पेशल सेल का भी गठन किया गया है। जिनको यह अभियान सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम पुलिस को खुफिया इकाइयों व स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ईंट भट्ठा मालिकों, ठेकेदारों व अन्य रोजगार प्रदाताओं को भी सतर्क किया जाएगा कि वे किसी भी संदिग्ध या अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति को रोजगार न दें और न ही ठहराव कराएं। यदि वो ऐसा करते हैं।

### कनीना मंडी में बढ़ती जा रही है बाजरे की आवक

**कनीना।** नई अनाज मंडी चेलावास में बाजरे की आवक बढ़ती जा रही है। प्रदेश सरकार ने बाजरा खरीद के लिए पहले एक अक्टूबर की तिथि निर्धारित की थी, लेकिन बाद में 23 सितंबर को पत्र जारी कर तत्काल खरीद शुरू करने के निर्देश दे दिए। कनीना मंडी में वीरवार तक 310 गेट पास के माध्यम से 8380 क्विंटल बाजरे की आवक हुई थी। वहीं शुक्रवार को बाजरे के वाहनों की कतार लग गई। खरीद एजेंसी हैफेड के खरीद अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बाजरे की एमएसपी 2775 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। लेकिन सरकार के निर्देशानुसार 2150 रुपये की दर से बाजरे की खरीद की जाएगी तथा जे फार्म जारी होने के बाद 625 रुपये की भावांतर भरपाई की राशि किसानों के बैंक खातों में डाली जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

# रक्तदान से बड़ा नहीं कोई दानः कृष्ण कुमार बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को स्थानीय जयराम सदन में पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शिरकत की। शिविर में विधायक कंवर सिंह, विधायक ओमप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह व पूर्व विधायक सीताराम यादव भी मौजूद रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

सेवा पखवाड़ा में देश प्रदेश में अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे है, चाहे वो स्वच्छता हो, पेड़ लगाना हो या फिर रक्त दान शिविर। उन्होंने कहा कि रक्तदान है महादान इस बड़ा नहीं है कोई दान।

उन्होंने वहां पहुंचे नागरिकों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान करे, जिससे हमें अनेक नागरिकों की जान बचा सकें। इसके बाद मंत्री कृष्ण बेदी ने सतनाली के सामान्य अस्पताल में मेडिकल कैंप का शुभारंभ किया। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पूरे देश में सेवा कार्य चल रहे हैं।


महेंद्रगढ़। रक्तदाता को बैज लगाकर हौसला अफजाई करते मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो: हरिभूमि

### भाजपा नेता ने किया 59वीं बार रक्तदान

**महेंद्रगढ़।** जयराम सदन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में भाजपा नेता अमित मिश्रा ने 59वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान में विशेष योगदान के लिए अमित मिश्रा को पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा व राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। अमित मिश्रा ने कहा कि रक्तदान करके एक विशेष खुशी का अनुभव होता है। रक्त किसी मशीन में तैयार नहीं किया जाता है।


महेंद्रगढ़। रक्तदान करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, सेवा पखवाड़ा प्रदेश संयोजक डॉ. पुष्पा बिश्नोई, नगराधीश डॉ. मंगलसेन, डीएसपी दिनेश कुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आशा शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, तहसीलदार अजय कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेन्द्र राव, नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी, जिला पार्षद देवेंद्र यादव, ब्लॉक समिति चेयरपर्सन विजयलक्ष्मी, नगरपालिका के पूर्व प्रधान रमेश शर्मा, अमित भारद्वाज पाली, डॉ. शोभा, नवीन शर्मा राठीवास, अमित मिश्रा, संदीप मालड़ा, सुरेश कुराहवटा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।